डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

बुधवार

15 नवंबर 2023

आपकी आवाज





देव सूर्य कुंड में बैरिकेडिंग के चारों तरफ जाल लगवाएं: जिलाधिकारी 2



प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


# बिहार में बीजेपी की सरकार आई तो गौ-हत्या होगी बैन: नित्यानंद राय

- बिहार भाजपा ने यदुवंशी मिलन समारोह का किया आयोजन
- सम्राट चौधरी ने कहा- करीब 21 हजार लोग भाजपा से जुड़े
- सम्राट चौधरी बोले- बिहार में रावण और कंश की चल रही सरकार

**केटी न्यूज/पटना**





बीजेपी ने बिहार में लोकसभा चुनाव के साथ ही 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव की बिसात बिछाना शुरू कर दी है। पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने का पहले ही ऐलान कर चुकी है। नीतीश कुमार की जेडीयू और लालू यादव की आरजेडी को टक्कर देने के लिए बीजेपी कई तरह के पैतरें अपना रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर बिहार भाजपा ने यदुवंशी मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने ऐलान किया है कि अगर राज्य में पार्टी की सरकार बनी तो गोहत्या पर बैन लगाया जाएगा। कहा कि लालू यादव सिर्फ अपने परिवार की चिंता करते हैं जबकि भाजपा सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखती है। वहीं बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि करीब 21 हजार लोग भाजपा में शमिल हुए हैं। यादव समाज के लोगों को अब बिहार में उस चीरहरण का बदला लेना है जो नीतीश सरकार में चल रहा है। यादवों को भगवान कृष्ण का वंशज बताते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में रावण और कंश की सरकार चल रही है। उस सरकार को खत्म करने के लिए यादव समाज भाजपा के साथ खड़ा होगा। सीएम नीतीश की शराबबंदी को मजाक बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने सभी को शराबी बनाया है। आज बिहार में शराब की गंगा बह रही है। ऐसे में यादवों को संकल्प लेना है हमें बिहार में ऐसी सरकार को हराना है जो सबको शराबी बना रही है। उन्होंने बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए यादवों से प्रमुख भूमिका निभाने को कहा।

वहीं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि समाज मे दो विचारधारा वाली पार्टी है। लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि बिहार पहली विचारधारा में उन लोगों की है जो सिर्फ अपने परिवार पत्नी बेटी बेटा के लिए समर्पित हैं और दूसरी विचारधारा एनडीए है जो हर समय समाज राज्य देश के लिए काम करती है और सभी समाज और वर्ग के लोगों के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी जनता के सभी सपनों को साकार करने के लिए काम करती हैं, लेकिन अभी जो सरकार प्रदेश में है वो बिहार की मासूम जनता के सपनों को कुचलकर अपने परिवार के सपनों को साकार करने मे लगे हैं।

नवल किशोर यादव ने कहा कि कुछ लोग बोलते हैं कि यादव लालू यादव के बंधुआ मजदूर हैं, लेकिन जो सनातन धर्म को मानते हैं वो मोदी जी से नजर से नजर मिलाकर बोलेंगे कि वो लालू यादव के बंधुआ मजदूर नहीं हैं। यादव समाज बहुसंख्यक है और इस समाज को पूरा अधिकार भी चाहिए।

## हाजीपुर से गाय और बैल ले जाकर कटवाने का काम करते थे नित्यानंद राय: लालू यादव

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के इस्कॉन मंदिर में आयोजित गोवर्धन पूजा समारोह में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव शामिल हुए। इस दौरान लालू यादव ने नरेंद्र मोदी, नित्यानंद राय, रामकृपाल यादव और पटना में आयोजित बीजेपी के कार्यक्रम पर जमकर हमला बोला। लालू ने कहा कि भाजपा के दफ्तर में यदुवंशी के नाम पर कंश लोग जुटे हुए थे। इनकों कुछ नहीं सुझता है सिर्फ लालू यादव के सिवाय। अरे लालू यादव नहीं होते तो तुम कहां होता। यदुवंशियों को बिखंडित करने में भाजपा लगी हुई है। यह हम चलने नहीं देंगे।

लालू ने कहा कि यादव के नाम पर केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय राजनीति कर रहे हैं। नित्यानंद पहले ठिकेदारी करते थे और रामकृपाल पटना बस स्टैंड पर टेम्पू चलाना और नोट दोगुना करते थे। होटल पर कब्जा करके उसमे रहने का काम करते थे। लालू यादव के राज में रामकृपाल ऐसा करते थे इस बात का पता हमको बाद में चला। गोरियाटोली का नाम रामकृपाल बदनाम कर रहे हैं। चारों तरफ बदनामी हो रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय पहले हमारे यहां आने के लिए पैरवी कराते थे। बीजेपी ने इन्हें मुख्यमंत्री बनाने का सपना दिखाया था लेकिन वो सपना आज तक पूरा नहीं हुआ। नित्यानंद मुख्यमंत्री बनना चाहते थे वह सब जगह कहते थे कि लालू ने राबड़ी को सीएम बना दिया। लालू ने इस पर नित्यानंद से कहा कि राबड़ी देवी को नहीं बनाएंगे तो तुम्हारी बीबी को बना देते। लालू ने कहा कि नित्यानंद राय गाय, भैस और बैल का मेला लगाते हैं यहां से लोड कराकर ले जाते हैं और कहीं दूसरी जगह कटवाते हैं। वहां का एमएलए अभी यहां खड़ा है सब जानता है लेकिन डर के कारण बोल नहीं रहा है।

### गरही थाना क्षेत्र के रोपावेल के पास हुई घटना, एक पुलिसकर्मी घायल

# जमुई में बालू माफिया की गाड़ी ने पुलिस टीम को रौंदा, दारोगा की मौत

- 2018 बैच के एसआई प्रभात रंजन की इलाज के दौरान मौत
- मामले की जानकारी मिलने के बाद जमुई एसपी कर रहे जांच
- जमुई जिला में कई बार पुलिस टीम पर हो चुका है हमला

**केटी न्यूज/जमुई**





बिहार में बालू का अवैध कारोबार करने वाले माफिया को मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। इनके अंदर से पुलिस प्रसाशन का खौफ खत्म होता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में अब ताजा मामला जमुई से सामने आया है। यहां अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को पकड़ने गए दारोगा और उनकी टीम को ट्रैक्टर चालक ने रौंद दिया। इस दौरान एक दारोगा की मौत हो गयी जबकि अन्य पुलिसकर्मी जख्मी हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, जिला के गरही थाना क्षेत्र के रोपाबेल के पास बालू लदे ट्रैक्टर ने पुलिस वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दारोगा सहित एक पुलिस कर्मी घायल हो गया। उसके बाद इनलोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दारोगा की मौत हो गई।

मृतक दारोगा की पहचान 2018 बैच के एसआई प्रभात रंजन के रूप में हुई है। जो गरही थाना में पदस्थापित थे। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इधर, घटना की सूचना पाकर एसपी डा. शौर्य सुमन, एसडीपीओ सतीश सुमन, मुख्यालय डीएसपी अभिषेक कुमार सिंह सदर अस्पताल पहुंच मामले की जानकारी लेने में जुटे हैं। पुलिस की कई टीम फरार बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के बाद से पुलिस महकमा में शोक की लहर दौड़ गई है। यहां बता दें कि जमुई जिले में बालू माफिया की दबंगई हमेशा देखने को मिलती है। यहां कई दफा पुलिस की टीम पर हमला हो चुका है।

**क्या है पूरा मामला:** पुलिस के मुताबिक दारोगा प्रभात रंजन को मंगलवार सुबह 7 बजे अवैध बालू के परिवहन की सूचना मिली थी। उसके बाद वो तुरंत अपनी टीम के साथ चनरवर पुल के नजदीक पहुंच गए और चेकिंग करने लगे। इसी बीच सामने से एक ट्रैक्टर आया, जिसमें अवैध रूप से बालू लदी थी। दारोगा प्रभात रंजन ने जब ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की तो बालू माफिया उन्हें रौंदता हुआ आगे निकल गया। इस घटना में एक अन्य पुलिसकर्मी राजेश कुमार घायल हो गया है, जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## ऐसी घटनाएं होती रहती हैं, नई बात नहीं: शिक्षा मंत्री

रामचरितमानस के खिलाफ जहर उगलने के बाद चर्चा में आए बिहार सरकार के बड़बोले शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने एक बार फिर शर्मनाक बयान दिया है। इस बार उनका बयान रामचरितमानस और सनातन धर्म को लेकर नहीं है बल्कि इस बर उन्होंने बालू माफिया हमले में शहीद हुए बिहार पुलिस के दारोगा को लेकर दिया है। बालू माफिया के खिलाफ एक्शन की बात कहने के बजाए शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा है कि इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं यह कोई नई बात नहीं है। कहा कि यूपी और मध्य प्रदेश में भी तो ऐसी घटनाएं हुई हैं, ये अपराध है, कानून के मुताबिक दोषियों को सजा दी जाएगी।

## दारोगा की पत्नी अस्पताल में भर्ती माता-पिता सदमे में

दारोगा प्रभात रंजन (35 साल) की 2018 में नियुक्ति हुई थी। वह वैशाली जिले के पातेपुर के बस्ती खोआजपुर पंचायत के रहने वाले थे। उनके चचेरे भाई गांव के मुखिया हैं। शिवनारायण साह के तीन बेटों में एक प्रभात रंजन भी थे। प्रभात के दो और भाई हैं, जो किडनी के मरीज हैं। दोनों भाइयों का दिल्ली में डायलिसिस चल रहा है। प्रभात की चार साल की एक बेटी और छह महीने का बेटा है। पत्नी भी दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। गांव वालों के मुताबिक, सारा परिवार अभी दिल्ली में है। प्रभात की मां और पिता बुजुर्ग हैं. घटना की खबर मिलते ही दोनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दोनों सदमे में हैं। गांव वाले और रिश्तेदार घर पहुंच ढांढस बंधा रहे हैं

## हत्या के 8 घंटे बाद भी तेजस्वी को घटना के बारे में नहीं पता

मंगलवार की सुबह बालू माफियाओं ने एक सब इंस्पेक्टर को ट्रैक्टर से कुचल कर मार डाला। हर जगह सुबह से ही इस घटना की चर्चा है लेकिन बिहार के डिप्टी सीएम को मामले की भनक तक नहीं लगी। घटना के 8 घंटे बाद तेजस्वी यादव ने मीडिया को कहा-मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है, पता करवाते हैं। दरअसल तेजस्वी यादव आज पानी के जहाज पर सवार होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गंगा घाटों का निरीक्षण करने निकले थे। जब गंगा नदी में जहाज से घूम कर वापस लौटे तो मीडिया ने उनसे दारोगा प्रभात रंजन की हत्या को लेकर सवाल पूछा। तेजस्वी यादव ने कहा-इस घटना की जानकारी नहीं है। अभी हमलोगों को पता नहीं चला है। पता करवाते हैं। तेजस्वी ने उलटे मीडियाकर्मियों से ही पूछना शुरू कर दिया कि ये क्या मामला है। तेजस्वी यादव का ये बयान दिन के लगभग 3 बजे का है।




## सीएम नीतीश ने गंगा घाटों का किया निरीक्षण

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा गाय घाट से कंगन घाट तक और फिर कंगन घाट से दानापुर के नासरीगंज तक के विभिन्न गंगा घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनको हर प्रकार की सहूलियत मिले यह सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल रखें। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। घाटों के पहुंच पथ एवं गंगा नदी किनारे की सड़कों के पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन हेतु बैरिकेडिंग करायें।

## योगी सरकार पराली जलाने की घटनाओं पर अलर्ट मोड पर

**लखनऊ।** सर्दियों में पराली जलाने के कारण होने वाले पॉल्यूशन को लेकर योगी सरकार सजग है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार की ओर से शुरू से तैयारी की गई है। किसी भी सूरत में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सरकार ने किसानों में निशुल्क बायोडीकम्पोजर का वितरण किया है तो वहीं फसल अवशेष प्रबंधन के लिए अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्र वितरित किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव के समक्ष पराली प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि एकल कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है। अब तक 44,363 एकल कृषि यंत्र वितरित किए जा चुके हैं।



### नगर विकास विभाग द्वारा वंचितों, गरीबों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का होगा प्रयास

# उप्र में आज से शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने अनेक स्तर पर प्रयास किए हैं। इसी क्रम में अब पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप एवं सीएम योगी के निर्देश पर 15 नवंबर, 2023 से 26 जनवरी, 2024 तक पूरे प्रदेश में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से न सिर्फ नगरीय निकायों में सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा, बल्कि पात्र एवं संभावित लोगों के नामांकन की प्रक्रिया को ऑन द स्पॉट पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सचिव आवासन एवं शहरी मंत्रालय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यान्वयन एवं जनभागीदारी को सुनिश्चित किए जाने के संबंध में सभी प्रदेश सरकारों को पत्र लिखा था। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग ने सभी नगर आयुक्तों एवं नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को यात्रा हेतु निर्देशित किया है।

**निकायों में शुरू हुई तैयारियां:** प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग अमृत अभिजात द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के नगरीय निकायों में सक्रिय जनभागीदारी के माध्यम से जन सुविधाओं व सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे कमजोर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 15 नवंबर 2023 से 26 जनवरी, 2024 तक किया जाना सुनिश्चित किया गया है। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र को संज्ञान मे लेते हुए सभी नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल कार्यान्वयन एवं व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## जनहित योजनाओं का व्यापक स्तर पर होगा प्रचार-प्रसार

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के नगरीय निकायों में संचालित नगर विकास विभाग की योजनाओं का लाभ जन जागरूकता के माध्यम से वंचितों, कमजोरों एवं पात्र लोगों तक पहुंचाना है, जो पात्र होते हुए भी लाभ से वंचित है। इसके माध्यम से प्रदेश के नगरीय निकायों में संचालित नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन जागरूकता लाना, सरकारी योजनाओं के संबंध में लाभार्थियों से बातचीत एवं व्यक्तिगत कहानियों और अनुभवों को साझा करना और नगर विकास विभाग की योजनाओं के पात्र और संभावित लाभार्थियों का यात्रा के दौरान ही नामांकन किया जाना सुनिश्चित करना होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रदेश में आईईसी वैन द्वारा निर्धारित अवधि में ऑडियो, वीडिओ विजुअल, ब्रोशर, पैम्पलेट, बुकलेट आदि के माध्यम से जनहित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।

# देव सूर्य कुंड में बैरिकेडिंग के चारों तरफ जाल लगवाएं: जिलाधिकारी

- सांसद ने की प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक
- देव कार्तिक छठ मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



विश्व प्रसिद्ध देव कार्तिक छठ मेले की तैयारियों के मद्देनजर देव प्रखंड के सभा कक्ष में सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इसमें सांसद सुशील कुमार सिंह एवं जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सांसद को जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया गया। इस क्रम में सांसद द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को बोरिंग, चापाकल एवं पानी के टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी आवासन स्थलों पर शौचालय एवं पानी की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया गया। नगर कार्यपालक पदाधिकारी को सूर्य कुंड में बैरिकेडिंग के चारों तरफ जाल लगवाने का निर्देश दिया गया। जिला योजना पदाधिकारी को सूर्य कुंड पर हाई मास्ट लाइट का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग को देव छठ मेला के मार्ग में पड़ने वाले पोल, ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तारों की जांच करा कर मरम्मती कराने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा प्रबंध समिति के प्रभारी को इसका पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को यातायात व्यवस्था के बारे में देव मोड़ के एंट्री प्वाइंट से लेकर अन्य निर्धारित स्थलों पर बड़ी गाड़ियों एवं छोटी गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को देव सूर्यकुण्ड एवं देव मेला क्षेत्र में अग्निशमन की छोटी एवं बड़ी गाड़ियों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी को छठ पर्व के दौरान दूध आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। सहायक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को सभी चिन्हित स्थलों पर ड्रॉप गेट एवं बैरिकेडिंग का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को देव मेला के दौरान महत्वपूर्ण स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर एवं एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि सूर्य कुंड पर अस्थाई मिनी अस्पताल का निर्माण भी कराया जा रहा है। अंचल अधिकारी, देव द्वारा बताया गया कि कुल 04 नियंत्रण कक्ष छठ पर्व के दौरान कार्यरत रहेंगे। जिसमें से पहला देवगढ़ किला के पास, दूसरा तालाब के पास सूर्य कुंड पर, तीसरा देव थाना के पास एवं चौथा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत रहेगा। आपदा प्रभारी कृष्णा कुमार को एसडीआरएफ की टीम से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया एवं गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

## एक नजर

### शिक्षा सभी समस्याओं के समाधान की कुंजी: गार्गी

**औरंगाबाद।** बेटी बचाओ,बेटी पढाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस के अवसर पर कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र औरंगाबाद में बालिका शिक्षा एवं बाल अधिकार पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा गार्गी कुमारी, जिला परियोजना प्रबंधक महिला एवं बाल विकास निगम राजीव रंजन एवं जिला मिशन समन्वयक मिथिलेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताई। साथ ही कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं के सभी समस्याओं के समाधान की एक ही कुंजी है जिसका नाम शिक्षा है। बालिकाओं और महिलाओ को आत्मनिर्भर होने के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। जिला परियोजना प्रबंधक ने बाल अधिकार, महिला हेल्पलाइन 181 , बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम इत्यादि के बारे में जानकारी दिए। जिला मिशन समन्वयक ने सरकार द्वारा महिलाओ और बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी देते हुए जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय के कार्यों के बारे में बताए। परिचर्चा के दौरान विभिन्न बिंदुओं यथा बाल अधिकार, बालिका शिक्षा, बाल विवाह, दहेज प्रथा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित कर बालिकाओं का ज्ञान वर्धन किया गया। साथ ही समस्या समाधान के उपाय एवं उनके अधिकार के बारे में जानकारी दी गई।

### 27 जनवरी को पंचदेव धाम परिसर चपरा में होगा सातवां सामूहिक विवाह समारोह

**औरंगाबाद।** बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति द्वारा सातवें सामूहिक विवाह का आयोजन 27 जनवरी को पंचदेव धाम चपरा में किया जाएगा। उक्त आशय से कुटुम्बा प्रखंड के डिहरी गांव स्थित देवी - स्थान के प्रांगण में समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक युगेश सिंह ने की। विदित हो कि बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र में दहेज प्रथा व बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन हेतु लगातार प्रयासरत है। बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं सामूहिक विवाह के मुख्य आयोजनकर्ता बरुण कुमार सिंह उर्फ जब्बर सिंह ने बताया कि यह बिल्कुल ही निःशुल्क आयोजन है जिसमें वर व वधु पक्ष के लोगों का एक रुपया भी खर्च नहीं होता और धूम-धाम से विवाह करवाया जाता है। विवाह के उपरांत वर-वधु को उपहार स्वरूप रोजमर्रा के जीवन में उपयोग की आवश्यक चीजें प्रदान की जाती है। जिसका सारा खर्च समिति वहन करती है। बैठक में अध्यक्ष बरूण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनेश सिंह, सचिव राकेश पाठक, कोषाध्यक्ष जे.पी. गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, अजय स्वर्णकार, प्रदीप सिंह, मृत्युंजय सिंह, मोहित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह,पुरुषोत्तम सिंह उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### घर से शराब की खेप जब्त, कारोबारी फरार

**औरंगाबाद।** अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप फेसर थाना की पुलिस द्वारा सोमवर की देर शाम जब्त किया गया है। जबकि करोबारी फरार हो गया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर बघोई गांव में छापेमारी की गई जहां एक घर में छुपा कर , रखे गए 54 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जबकि करोबारी फरार हो गया।

### 17 लोग गए जेल

**औरंगाबाद।** त्योहार एवं चुनाव के मद्देनजर एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग मामलों में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान शराब कांड में 16 जबकि अजमानतिय वारंट मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वाहन जांच एवं शमन मामले में 10000 रुपए जुमार्ना वसूला गया है। इसके अलावा 5 लीटर देसी शराब एवं एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है।

### भूमि विवाद में मारपीट दो आरोपी गए जेल

**औरंगाबाद।** भूमि विवाद में मारपीट को लेकर दो आरोपित को गोह थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है. पकड़े गए अभियुक्तों में सोहलपुरा गांव निवासी अमित कुमार एवं अजय शर्मा हैं. इनके विरुद्ध घटना को लेकर रविवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें छानबीन के दौरान आज पकड़े गए. थानाध्यक्ष ने बताया कि जमीनी विवाद में मारपीट को लेकर दो आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### पटाखे फोड़ने के विवाद में मारपीट, पांच गए जेल

**औरंगाबाद।** पटाखे फोड़ने के विवाद में मारपीट एवं हत्या प्रयास के आरोप ओबरा थाना की पुलिस द्वारा पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों में भुइयां बिगहा गांव निवासी कारू भुइयां, गुड्डू भुइयां, सोनू भुइयां, रोहित भुइयां एवं जितेंद्र भुइयां है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दीपावली के अवसर पर पटाखे फोड़ने से निकली चिंगारी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें इन सभी को नामजद आरोपी बनाया गया। छानबीन के दौरान ये सभी पकड़े गए। जिनके विरुद्ध कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## भोजपुर के सहार थाना क्षेत्र के वंशी डीहरी गांव के समीप हुई घटना

# घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

- इलाज के दौरान सहार रेफरल अस्पताल में तोड़ा दम
- पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का कराया पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के वंशी डीहरी गांव के समीप सोमवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाजार कर घर वापस लौट रहे बाइक सवार एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इलाज के दौरान सहार रेफरल अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक सहार थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी निवासी जय नंदन पंडित का 21 वर्ष से पुत्र सरोज कुमार है। वह हैदराबाद के सिकंदराबाद में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर मृतक के पड़ोसी प्रसुमन कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम में बाइक से बरूही बाजार मार्केटिंग करने गया था। जब वह मार्केटिंग कर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी बीच वंशी डीहरी गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व तीन बहन में बड़ा था। मृतक के परिवार में मां बुचिया देवी,तीन बहन पिंकी देवी,नेहा कुमारी,रिंकी कुमारी व दो भाई हीरालाल कुमार एवं गुड्डू कुमार है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। वही इस हादसे के बाद में तक की मां बुचिया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### कीटनाशक का सेवन करने से महिला की हालत गंभीर


**आरा।** सरस्वती मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में मंगलवार की सुबह कीटनाशक का सेवन करने से एक महिला की हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी सारा खातून है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर जब घर के सभी सदस्य अपने काम में व्यस्त थे। उसी बीच उक्त महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देते हुए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि उक्त महिला ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया। इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### घरेलू कलह में किशोर ने फांसी लगा कर की खुदकुशी की कोशिश

**आरा।** रोहतास के दावथ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में मंगलवार की सुबह घरेलू कलह के कारण एक किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने का असफल प्रयास किया है। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी स्व.कयामुद्दीन अंसारी का 16 वर्षीय पुत्र अब्बास अंसारी है एवं वह पेशे से मजदूर है। घटना को लेकर आसपास के इलाके सनसनी फैल गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह घरेलू कलह के कारण उसकी परिवार वालों से तीखी नोंकझोंक हुई। जिसके बाद गुस्से में आकर उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे से लटक कर फांसी लगाकर खुदकुशी करने का असफल प्रयास किया। लेकिन जैसे ही परिवार वालों की नजर उस पर पड़ी, तो उन्होंने फौरन उसे पंखे से नीचे उतरा और आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

### खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर का शुभारंभ

**औरंगाबाद।** खेलो इंडिया योजना अंतर्गत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के दिशा निर्देश व जिला प्रशासन के सहयोग से औरंगाबाद के इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया के तहत बॉक्सिंग केंद्र का उद्घाटन किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी अमृत ओझा और जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी मौजूद थे। जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि खेल में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। सरकार बेहतर सुविधा मुहैया कराने हेतु प्रयासरत है। खिलाड़ी लगन से खेलें तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं। कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है जिससे शारीरिक व मानसिक स्वाथ्य के साथ साथ टीम स्पिरिट भी बना रहता है।




### मिट्टी खोदकर पुलिस ने निकाली शराब की खेप, कारोबारी फरार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध चलाएं जा रहे, विषेश अभियान के फलस्वरूप गढ़ा खोदकर मिट्टी से कच्ची शराब की बड़ी खेप कासमा थाना की पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। जबकि कारोबारी मौके से फरार हो गया। मामला थाना क्षेत्र के पिछुलियां गांव की है। जहां नहर किनारे मिट्टी खोदकर शराब बरामद किया गया।

थानाध्यक्ष मनेष कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर उस गांव में छापेमारी की गई जिसमें 135 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। इस संबंध में पिछले कुछ दिनों से उक्त इलाके में शराब करोबार की सूचना मिल रही थी जिसके मद्देनजर छापेमारी की गई। मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर, अग्रिम कार्रवाई की जाएंगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के सेवन वितरण एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर छापेमारी आभियान जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे न सिर्फ उनकी संपत्ति जब्त की जाएंगी बल्कि उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी। हालांकि पुलिस की कार्रवाई के बावजूद जिला में शराब के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रहा है।

### हैवान बना पति, मामूली विवाद में पत्नी को उतारा मौत के घाट, फरार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

एक शख्स ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी को धारदार चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। मामला सोमवार की रात मदनपुर थाना क्षेत्र के आजन गांव की है। मृतिका की पहचान आंजन निवासी सीताराम भुइयां की 37 वर्षीय पत्नी ललिता देवी के रूप मे हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस हत्यारोपी पति की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार युवक अक्सर घरेलू विवाद को मारपीट करता था।

इसी क्रम में सोमवार की रात उसने धारदार हथियार से पत्नी की हत्या के वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी जिसके अलोक में पहुंचे थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, अपर थानाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, एएसआई राणा राधा एवं रमन प्रताप सिंह ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है।

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां ने बताया कि घरेलू विवाद में उस गांव निवासी सीताराम भुइयां ने अपनी पत्नी ललिता देवी की चाकू गोदकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। आरोपी की धर पकड़ को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं एफएसएल की टिम मामले की जांच पड़ताल कर रही है।




## बाल दिवस के अवसर पर जहानाबाद गांधी मैदान में जिला स्तरीय खो-खो खेल का आयोजन

# बच्चों को मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जहानाबाद में बाल दिवस के अवसर पर शहर के गांधी मैदान में जिला स्तरीय खो-खो खेल का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी रिची पांडे ने किया उन्होंने कहा कि जिले के बहुत से खिलाड़ी दूसरे जिले में खेल रहे हैं और कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो राज्य से बाहर जाकर भी खेल कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को खेल में बढ़ावा मिल सके। बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है कि खेल के प्रति लोग जागरुक हों और खेल के माध्यम से जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे बच्चे अपने प्रतिभा का निखार नहीं कर रहे हैं इसलिए जिला प्रशासन प्रखंड स्तर पर भी खेल का आयोजन कराया जाता है। विद्यालय में भी लोगों को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा हैं।

इस अवसर पर कई खिलाड़ियों को जिला पदाधिकारी ने पुरस्कृत भी किया उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा जिले में खेल भवन का निर्माण भी कराया गया है। जिसमें बच्चे आकर खेल सकते हैं। सरकार द्वारा खेल के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी अति आवश्यक है इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास हो और बच्चे स्वस्थ रहे एवं बच्चों का मानसिक विकास भी होता है इसलिए उन्हें अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि अपने बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करें।



## खबरें फटाफट

### जमीन विवाद में दो पक्षों में चटकी लाठियां एक गिरफ्तार

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कतिकनार गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्ष से चार लोग जख्मी हुए है। जख्मियों का इलाज केसठ पीएचसी में कराया गया। इधर एक पक्ष के शिवनाथ सिंह ने दूसरे पक्ष के टुनटुन सिंह उर्फ पवन सिंह समेत तीन लोगों पर जानअबुझकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए नावानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में आवेदक ने बताया है कि वह अपनी जमीन पर कार्य कर रहा था। तभी सभी नामजद लोग वहां पहुंच अपनी जमीन बता मारपीट करने लगे। इधर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने टुनटुन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि मारपीट मामले में एक पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसके आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 10 से चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**बक्सर।** सदर प्रखंड स्थित पीएचसी में पल्स पोलियो अभियान को लेकर तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। यह अभियान 10 दिसंबर से शुरू होगा। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को आशा कर्मियों को प्रखंड कार्यालय स्थित सदर पीएचसी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण आशा कर्मियों को डॉ मिथिलेश सिंह एवं डॉ आशुतोष पांडेय द्वारा दिया गया। आशा कर्मियों को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक पीलाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बतलाया गया कि खुराक रेलवे स्टेशन, इंट भट्ठा, स्लम बस्ती के साथ ही तैयार माइक्रो प्लान के अनुसार बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। प्रशिक्षण में खुराक पीलाने को लेकर विस्तृत जानकारी आशा कर्मियों को दी गई। इस मौके पर डब्ल्यूएचओ मॉनिटर अशोक कुमार, स्वस्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह, प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक मनोज चौधरी, श्याम बिहारी कुमार समेत अन्य स्वस्थ्य कर्मी शामिल रहे।

# टीबी की पहचान के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में लगेगा शिविर

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और टीबी मुक्त पंचायत पहल के तहत जिले को टीबी मुक्त बनाने का कार्य जोरों पर है। लेकिन, बक्सर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए अभी भी कई कार्य किए जाने है। जिसको लेकर जिला यक्ष्मा केंद्र तत्पर है। जिला यक्ष्मा केंद्र अब तक मिले टीबी मरीजों की रिपोर्ट का अध्ययन कर उस आधार पर टीबी उन्मूलन अभियान चलाने की तैयारी में है। इसके लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। जिसपर छठ पूजा के बाद अमल किया जायेगा। जिला यक्ष्मा केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस साल एक जनवरी से




23 अक्टूबर तक जिले में कुल 2670 मरीज इलाजरत हैं। जिनमें नए टीबी मरीजों की संख्या 2254, वैसे मरीज जो दोबारा टीबी संक्रमण से पॉजिटिव हुए उनकी संख्या 201 और टीबी के पुराने 158 मरीज जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई वो शामिल हैं। वहीं, जिले के 57 टीबी मरीज में ड्रग रेजिस्टेंस हैं उनका भी इलाज चल रहा है।

**टीबी मरीजों में पुरुषों की संख्या अधिक:** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, जिले में 2670 टीबी मरीजों में पुरुषों की संख्या अधिक है। वहीं, मरीजों के उम्र और वर्ग की बात करें तो शून्य से 14 वर्ष तक के 98 बच्चों में 45 लड़के और 53 लड़कियां शामिल हैं। 15 से 30 वर्ष तक के आयु 1076 युवाओं में 558 युवा और 518 युवतियां टीबी के मरीज हैं। 31 से 45 वर्ष तक के 627 मरीजों में 413 पुरुष और 214 महिलाएं शामिल हैं। 46 से 60 वर्ष उम्र तक के 504 मरीजों में 357 पुरुष और 147 महिलाएं इलाजरत हैं। साथ ही, 60 व उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग 362 मरीजों 274 पुरुष और 88 महिलाओं का इलाज चल रहा है।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. पांडेय ने कहा कि 14 साल तक के बच्चों में टीबी का प्रसार काफी चिंताजनक है। आंगनबाड़ी और स्कूलों में बच्चे समूह में रहते हैं। जिसके कारण टीबी संक्रमण के प्रसार की संभावना काफी अधिक है। जिसको देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में विशेष शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए सिविल सर्जन डॉ. एससी सिन्हा के साथ बैठक की जाएगी। जिसमें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अधिकारियों और चिकित्सकों के अलावा सभी सीडीपीओ को शामिल किया जायेगा। जिसके बाद आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी स्कूलों के बच्चों, छात्र और छात्राओं में टीबी के लक्षणों की जांच के लिए विशेष शिविर लगाने पर चर्चा की जाएगी।

## एक नजर

### समारोह पूर्वक मनी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 134 वीं जयंती




**बक्सर।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय में स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 134 वी जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर गरीब बच्चों के बीच पुस्तक एवं कलम वितरित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बाल दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय कुमार पांडेय ने किया। जयंति समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडेय ने कहा कि देश में जितने भी बड़े-बड़े उद्योग धंधे दिखाई दे रहे हैं, यह स्व. जवाहरलाल नेहरू की देन है। संचालन करते हुए रोहित उपाध्याय ने कहा चाचा नेहरू एक दूरदर्शी नेता थे। इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रसन द्विवेदी, पप्पू दुबे, अजय यादव, बाबन तुरहा, कंचन दुबे, अभय मिश्र सहित अनेक लोगों ने चाचा नेहरू को पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### डुमरांव में पीडीएस दुकानदारों ने शोकसभा आयोजित कर दी दिवंगत साथी को श्रद्धांजलि



**डुमरांव।** डुमरांव के पीडीएस दुकानदार काशीनाथ गुप्ता का निधन हो गया है। इसकी जानकारी मिलते ही पीडीएस दुकानदारों में शोक की लहर दौड़ गई। दुकानदारों ने मंगलवार को स्थानीय शहर के एक सभागार में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत साथी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेयर प्राइस डीलर्स संघ के अनुमंडल अध्यक्ष भुनेश्वर सिंह और संचालन नगर अध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि काशीनाथ गुप्ता के निधन से डीलर समाज के बीच शोक की लहर है। इससे समाज को काफी क्षति हुई है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लालसाहब सिंह, जिलाध्यक्ष देवमुनि राम, नंदजी गिरी, बसंत राय, पारसनाथ सिंह, दिलीप कुमार, राजन कुमार, अशोक प्रसाद, नारायण प्रसाद, विजय शंकर त्रिपाठी, गणेश प्रसाद, अर्जुन सहित अन्य डीलर मौजूद थे।

## मठिला के अखाड़े पर पहलवानों ने दिखाया कुश्ती का दांव-पेंच

# पहलवानों से होनी चाहिए गांवों की पहचान : ददन पहलवान





**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के मठिला गांव में गोवर्द्धन पूजा के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के नामी-गिरामी पहलवानों ने शिरकत किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मंत्री ददन पहलवान ने फीता काटकर किया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे दर्शकों एवं पहलवानों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ददन पहलवान ने कहा कि गांवों की पहचान पूर्व की तरह आज भी पहलवानों से होनी चाहिए। गांव और कस्बों में पारंपरिक खेलों से अच्छे समाज की संरचना भी बनती है। अखाड़े में युवाओं के उतरने से शारीरिक क्षमता व मानसिक विकास बढ़ता है। समाज को पहलवानों को उचित सम्मान देकर इस बुनियादी खेल को बरकरार रखने की जरूरत है।

पहलवान ने कहा कि कुश्ती एक पारंपरिक खेल है। प्राचीन काल से ही भारत का इस खेल में दबदबा रहा है। उन्होंने कहा कि कुश्ती को जीवंत रखना जरूरी है। ऐसे आयोजनों से कुश्ती को आक्सीजन मिलता है। पहलवान ने इस आयोजन के लिए आयोजन समिति का आभार जताया और कहा कि जहां भी कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित होती है मैं स्वतः ही वहां जाना चाहता हूं। उन्होंने आयोजकों तथा पहलवानों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि इस खेल को बढ़ावा देने के लिए वे हर संभव मदद को तैयार है। इस दौरान रेफरी की भूमिका अमला पहलवान ने निभाई जबकि संचालन रमेश पहलवान ने किया। अतिथियों को समाजसेवी विजय यादव, मोहन तिवारी, फुलेंद्र सिंह, योगेंद्र यादव, उमेश यादव, ललन सिंह आदि ने स्वागत किया।

मठिला के अखाड़े में हरेक कुश्ती पर गणमान्य लोगों द्वारा पुरस्कारों की बौछार की गयी। पहलवानों के दांव-पेंच पर दर्शकों द्वारा तालियों से हौसलाफजाई का दौर जारी रहा। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज के अरविंद पहलवान, चंदौली के शमशेर पहलवान, गाजीपुर के अशोक पहलवान, आगरा के हरेंद्र पहलवान, मोहम्दाबाद के सलमान पहलवान के अलावे रामबदन पहलवान, मिठू पहलवान, राहुल पहलवान, श्रीभगवान पहलवान सहित अन्य ने अपना परचम लहराया। आयोजकों द्वारा विजयी पहलवानों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर पश्चिम अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन डुमरांव विधायक डॉ अजित कुशवाहा ने किया। रेफरी के रूप में अरुण सिंह पहलवान की भूमिका रही। इस अखाड़े में शिवनाथ यादव, धुरान यादव, झमलाल यादव, हरेराम यादव, गुलिया यादव का विशेष योगदान रहा।

### बाल विवाह उन्मूलन के लिए निकाली गई जागरूकता रैली


**डुमरांव।** मंगलवार को डुमरांव प्रखंड के कई गांवों में बाल दिवस के मौके पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं दिशा एक प्रयास द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली गई। रैली में शामिल लोग बाल विवाह नहीं करने की अपील कर रहे थे। रैली निकालते हुए बालक हाथों में तिरंगा झंडा लिए नारा लगा रहे थे साथी बैंड बाजा के साथ बोल रहे थे हम बक्सर जिला को बाल विवाह मुक्त बनाएंगे, बाल मजदूरी नहीं करेंगे और नित्य प्रतिदिन स्कूल जाएंगे।




# डॉ. हिमांशु पांडेय ने किया दो दांतों का सफल इंप्लांट, ढाई घंटे चला ऑपरेशन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अब डुमरांव जैसे कस्बाई इलाकों के मरीजों को दंत प्रत्यारोपण जैसे गंभीर इलाज के लिए पटना या बनारस नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि डुमरांव में ही अब दांतों के इंप्लांट की सुविधा मिलने लगी है। डुमरांव के युवा दंत चिकित्सक डा. हिमांशु पांडेय ने सोमवार को एक महिला के दो दांतों को इंप्लांट कर राहत पहुंचाई है। पूरा ऑपरेशन शिवम डेंटल मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक के डा. हिमांशु ने अकेले किया। उन्होंने बताया कि दांतों का प्रत्यारोपण एक कठिन ऑपरेशन है। इसमें कई घंटे का समय लगता है। प्रत्यारोपण के बाद मरीजों को तत्काल दर्द से छुटकारा भी मिल जाता है।



सिमरी रामोपट्टी निवासी रूनझुन पांडेय नामक महिला के मुंह में दोनों साइड का फस्ट मोलर ( चहु ) सड़कर खराब हो गया था। जिस कारण उन्हें परेशानी हो रही थी। डा. हिमांशु ने दोनों चहु का रोपण कर महिला को नई जिंदगी दी है। इस संबंध में डा. हिमांशु ने बताया कि खाने में फस्ट मोलर की सबसे उपयोगी दांत है। इसके बिना मरीज को काफी दिक्कतें आती हैं। अबतक यह युवा दंत चिकित्सक दर्जनों मरीजों का दंत प्रत्यारोपण तथा टूटे जबड़े का सफल सर्जरी कर चुके हैं।

# अगलगी में आधा दर्जन झोपड़ियां जलीं

**केटी न्यूज/सिमरी**

मंगलवार को तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में अगलगी की घटना में आधा दर्जन झोपड़ियां जल गईं। घटना दोपहर डेढ़ बजे के करीब की है। जानकारी के अनुसार तिलक राय के हाता गांव के अवधेश यादव के घर अचानक आग की लपटे उठने लगीं। जबतक लोग समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप ले लिया था तथा देखते ही देखते आधा दर्जन झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया। वही दो मवेशी भी गंभीर रूप से झुलस गए है। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। घटना की पुष्टि करते हुए सीओ कौशल कुमार ने बताया कि राजस्व कर्मी को क्षतिपूर्ति रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। अगलगी की इस घटना में भगवान यादव, लक्ष्मण यादव, बाल मोहन यादव, हरेराम यादव के घर में रखे अनाज, बर्तन, कपड़ा, बाइक सहित कई अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया है। घटना के बाद पीड़ित परिजन खुले आकाश के नीचे रात गुजारने को विवश हैं। सीओ ने बताया कि पीड़ित परिजनों को सरकारी प्रावधानों के अनुरूप सहायता राशि दी जाएगी।

### नैनीजोर में टेंट हाउस गोदाम में लगी आग, लाखों की संपति खाक

**ब्रह्मपुर।** मंगलवार को नैनीजोर थाना क्षेत्र के दक्षिणी नैनीजोर पंचायत के मुखिया गौरीशंकर तिवारी के आवासीय परिसर स्थित टेंट हाउस के गोदाम में अचानक आग लग गई। अगलगी की इस घटना में टेंट हाउस के इलेक्ट्रानिक उपकरणों समेत सारा सामान जलकर खाक हो गया है। जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। घटना दोपहर एक बजे की है। जैसे ही गोदाम से आग की लपटे उठने लगी तत्काल ग्रामीणों ने अपने स्तर से इसे बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग और विकराल हो गई। जिसके बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर वाहन ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में अचानक गोदाम से आग की लपटें उठने लगी थीं। जिसे देख ग्रामीण अपने हाथों में बाल्टी, पाइप आदि लेकर आग बुझाने दौड़े। लेकिन आग और विकराल होने लगा। मौके पर पहुंचे सीओ ने कहा कि नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। उचित मुआवजा दिया जाएगा। वहीं अगलगी की इस घटना के बाद पीड़ित परिवार मायूस है।




## केसठ प्रखंड में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई भगवान गोवर्द्धन की पूजा अर्चना

# गोवर्द्धन पूजा पर केसठ में निकला जुलूस, जयघोष से गूंज उठा क्षेत्र

**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ प्रखंड में गोवर्द्धन पूजा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को गोवर्द्धन पूजा की गई। इसके पहले हाथी, घोड़े, ऊंट और गाजे बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व केसठ मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान ने किया। बस पड़ाव स्थित गोवर्द्धन भगवान का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना व आरती की गई, गोवर्द्धन पूजन के बाद भव्य जुलूस दोपहर को प्रारंभ हुआ, जो ब्लॉक रोड, मां भवानी मंदिर पथ, नया बाजार से मुख्य मार्ग होते हुए पुराना बाजार पहुंचा जहां चारों



दिशाओं से निकला जुलूस का मिलन हुआ। इस दौरान जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा बाजार गुंज उठा। परंपरा के अनुसार जुलूस में लोगों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन भी किया। जुलूस में दर्जनों वाहनों पर राधे कृष्ण समेत समेत अन्य विभिन्न देवी देवताओं की आर्कषक झांकी बनायी गयी थी। इस दौरान सैकड़ों लोगों को पगड़ी बांध सम्मानित किया गया।

### मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन

**केसठ।** प्रखंड के नया बाजार व पुराना बाजार में स्थापित लक्ष्मी गणेश की प्रतिमाओं का मंगलवार को श्रद्धालुओं ने विसर्जन किया। विसर्जन जुलूस के शगल में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पूजा समिति के लोगों ने डुमरांव राजवाहा भट्ठा पुल, मिठाईयां पुल के समीप नहर पर पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन किया। बता दें कि गांव में विगत तीन दिनों से मां लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम चल रहा था। तीन दिन तक चले विशेष पूजन के बाद प्रतिमा विसर्जन के लिए भव्य जुलूस निकाला गया। खोईछा भरकर महिलाओं ने विदाई की रास्ते मे लोगों ने कई स्थानों पर प्रतिमा का पूजन-अर्चन व आरती भी किया। प्रतिमा नया बाजार से निकल कर पुराना बाजार पहुंचा। जहां से सीधे भट्ठा पुल, मिठाईयां पुल नहर के पास पहुंचा। जहां शांतिपूर्ण ढंग से श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमा विसर्जन किया। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर दर्जनों युवक के साथ साथ प्रशासन भी मुस्तैद रहे। इस दौरान डीजे के भक्ति धुन पर युवकों ने खूब मस्ती किए। जुलुश जय मां लक्ष्मी, गणपति बप्पा मोरया के नारों से गूंज रहा था। मौके पर सुधीर कुमार, संदीप सानू, सोनू केसरी, काशी, सुजीत कुमार, अखिलेश कुमार सहित अन्य शामिल रहे।



# मऊ के प्रमुख मार्गों व संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखने के लिए 38 कैमरे

- जिलाधिकारी ने शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरा के कार्यों का किया लोकार्पण

**केटी न्यूज/मऊ**

मऊ जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरा के कार्यों का लोकार्पण किया। विनियमित क्षेत्र अवस्थापना विकास निधि से शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की इस परियोजना की लागत 90 लाख रुपए है। इस परियोजना की कार्यवाही संस्था नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन है। मिजार्हाजीपुर चौराहा, गाजीपुर तिराहा, भीटी चौराहा एवं बलिया मोड़ के अलावा शहर के संवेदनशील क्षेत्रों पर सजग नजर रखने हेतु उच्च गुणवत्ता के कुल 38 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



इन कैमरों की निगरानी हेतु दक्षिण टोला थाने एवं गाजीपुर तिराहे पर पुलिस चौकी में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहां से इन कैमरों के माध्यम से प्रमुख मार्गों एवं चौराहों के साथ ही शहर के संवेदनशील क्षेत्रों पर जिला प्रशासन की चौकस नजर रहेगी। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने दक्षिण टोला थाना में स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर तैनात कार्मिकों से उन्होंने प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो द्वारा उपलब्ध वीडियो फुटेज की क्वालिटी की जांच की। साथ ही ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को कैमरों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही फुटेज पर सजग के नजर रखने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से अपराध पर अंकुश लगेगा। साथ ही शहर की शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने में मदद भी मिलेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, सीओ सिटी शीतला प्रसाद पांडे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन अरशद जमाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### जिला मजिस्ट्रेट ने गुंडा एक्ट नियंत्रण अधिनियम के तहत चार अभियुक्तों को किया जिला बदर

**बलिया।** जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार ने गुंडा एक्ट नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत चार अभियुक्तों को छह महीने के लिए जिला बदर किया है। उन्होंने सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया है। जिन अभियुक्तों पर जिला बदर की कार्रवाई हुई है, उनमें अनिल शर्मा पुत्र जंगली शर्मा निवासी आमघाट थाना बांसडीह रोड, मणि भूषण सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी मठ योगेंद्र गिरी थाना बैरिया, निखिल उपाध्याय पुत्र रामनाथ उपाध्याय निवासी सोनबरसा थाना बैरिया तथा बादल यादव पुत्र रामचंद्र यादव निवासी मिठवार, थाना फेफना शामिल हैं। जिला मजिस्ट्रेट श्री कुमार ने आदेश दिया है कि आदेश तामीला की तिथि से यह सभी अभियुक्त जनपद की सीमा से बाहर चले जाएं और 6 माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश न करें।

### बीएसए ने दी चेतावनी... बिना मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**बलिया।** नगर के रामलीला मैदान स्थित कार्यालय में बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति बिना मान्यता प्राप्त किये कोई स्कूल संचालित करता है तो उसके विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बीएसए ने कहा है अधिनियम के प्रावधानों को राज्य सरकार द्वारा उप्र निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली-2011 प्रख्याति करते हुए लागू किया जा चुका है। स्पष्ट है कि बिना मान्यता प्राप्त किये कोई स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति बिना मान्यता प्राप्त किये कोई स्कूल संचालित करता है तो उसके विरूद्ध दण्ड का भी प्रावधान किया गया है। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने शिक्षा क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त संचालित हो रहे विद्यालयों की 22 नवंबर तक सघन जांच कर कठोर कार्रवाई करें।

### मैरिटार स्थित विधायक केतकी सिंह के आवास पर हुई भाजपा कार्यकताओं की बैठक

**बांसडीह।** विधायक केतकी सिंह के आवास पर मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें विधायक ने तीन नवम्बर को बांसडीह में आयोजित नारी शक्ति वंदन महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने वाले कार्यकताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। केतकी सिंह ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत व संघर्ष के बल पर बड़ा से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यकर्ता पार्टी के मजबूत रीढ़ व स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने बूथ पर युवा मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास करें। इस मौके पर विनोद शंकर दूबे, पूर्व चेयरमैन संजय कुमार सिंह मुन्ना, अजय सिंह, विश्राम सिंह, राणा प्रताप यादव, बृजनाथ सिंह आदि थे।

## खबरें फटाफट

### आग में झोपड़ी व महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख

**गाजीपुर।** रेवतीपुर गांव के भीष्मदेव राय पट्टी में बीती रात्रि को अज्ञात कारणों से आग लगने से विनीत कुमार उपाध्याय की एक झोपड़ी व उसमें रखा दस हजार नगदी एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज, पंखा, कुर्सी, टेबल आदि जलकर राख हो गया। आग पर ग्रामीणों ने कड़े मशक्कत के बाद किसी तरह काबू पाया। मगर तबतक सब जलकर राख हो चुका था। इस अगलगी में पीड़ित को करीब 50 हजार का नुकसान उठाना पड़ा है। इसकी सूचना संबंधित राजस्व विभाग को दे दी गई है। पीड़ित विनीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि रोज की तरह वह अपने काम को निपटा अपने घर चला गया। देर रात को सूचना मिली कि उसकी झोपड़ी में आग लग गई है। इस अगलगी में पीड़ित परिवार को 50 हजार का नुकसान हुआ है।

### मासूम के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म

**नगरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि युवक ने बालक को घर से दूर ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। इससे बालक बीमार हो गया और अपनी मां को बताया। तब परिजन थाना पहुंचे और केस किया।

## रेवतीपुर थाने के एक गांव में अज्ञात बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

# किशोरी का गला रेतकर खेत में फेंका हालात गंभीर, छानबीन में जुटी पुलिस

- तीन दिन पहले शौच करने गई किशोरी को घर के पास से किया गया था अगवा
- रिपोर्ट दर्ज करने के बाद खानापूर्ति कर शांत बैठ गई थी पुलिस
- एसपी ने एसओजी टीम व थानाध्यक्ष को तत्काल खुलासे का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर थाने के एक गांव में सोमवार की देर शाम अज्ञात लोगों ने एक किशोरी का गला रेतकर उसे धान के खेत में फेंक दिया और फरार हो गए। इसकी जानकारी ग्रामीणों व परिजनों को होते ही उनमें अफरा-तफरी मच गई। मौके पर रोते -बिलखते परिजन वहां पहुंचे। देखा तो खून से लथपथ वह अचेतावस्था में पडी हुई थी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर स्थिति में रेवतीपुर सीएचसी पहुंचाई, जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने घायल किशोरी को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

मौके पर पहुंचे सीओ जमानिया विधि भूषण मौर्य ने परिजनों से जरूरी पूछताछ करने के बाद पीड़ित परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, एससी-एसटी, अपहरण, पास्को एक्ट आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन में जुट गई है। इसके साथ ही वांछितों को दबोचने के लिए उनके ठिकानों पर छापेमारी में जुट गई। मगर अभी तक सुराग नहीं मिल सका है। घटना को लेकर परिजनों सहित ग्रामीणों में थानाध्यक्ष की लापरवाही के चलते आक्रोश व्याप्त है। परिजनों व ग्रामीणों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की भी आशंका जाहिर की है।



बहरहाल सच जो भी हो वह मेडिकल परीक्षण के बाद ही सामने आएगा। उधर घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने इसके खुलासे के लिए एसओजी टीम के साथ ही फोरेंसिक टीम को भी लगा दिया है। पीड़ित परिजनों ने बताया कि तीन दिन पूर्व उसकी पुत्री घर से खेत जाते समय बीच रास्ते से लापता हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने खानापूर्ति के लिए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज तो कर लिया था, लेकिन उसकी खोजबीन को लेकर मौन साधे रही। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया कि अगर उसी दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाई होती तो शायद उसकी पुत्री की यह हालत नहीं होती और आरोपी पूर्व में ही दबोच लिए गए होते। इधर पुलिस ने इसके खुलासे के लिए कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटने के साथ ही कई मोबाइल नंबरों को भी सर्विलांस के जरिए ट्रेस करने में जुटी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि घटना गंभीर है। इसके खुलासे के लिए टीमें लगी हैं। बताया कि किशोरी का गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज जारी है। बताया जल्द ही घटना में शामिल आरोपी दबोच लिए जाएगे।

### ट्रैक्टर और बोलेरो की चपेट में आने से गाजीपुर निवासी बाइक सवार युवक की मौत

**मऊ।** सरायलंखसी थाना क्षेत्र के वनदेवी पुलिया के पास मंगलवार की दोपहर बेकाबू बोलेरो ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रांली से जा टकराई। हादसे में बाइक चालक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि सवार दूसरा युवक घायल हो गया। घटना के बाद दोनों वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की शिनाख्त गाजीपुर जिले के शादियाबाद थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव निवासी अशोक कुमार 35 पुत्र बुद्धीराम के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने दोस्त शादियाबाद थाना क्षेत्र के कनुवानी निवासी अजय कुमार के साथ जिले के सरायलंखसी थाना क्षेत्र के पनियरा गांव निवासी उसके मामा के यहां आ रहा था। अभी वह वनदेवी पुलिया के पास पहुंचा था कि पीछे से आ रहे बोलेरो चालक ने आगे निकलने के होड़ में बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक बेकाबू होकर सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। इससे अशोक की मौत हो गई। वहीं अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। अजय कुमार ने बताया कि मृतक राजस्थान में पेंटर का काम करता था। दीपावली तथा छठ का त्यौहार को मनाने के लिए वह एक सप्ताह पहले ही अपने गांव आया हुआ था। मृतक के तीन पुत्र हैं।




# शराब का ठेका बंद कराने के लिए महिलाओं ने काटा बवाल

**केटी न्यूज/चंदौली**

चंदौली के पड़ाव क्षेत्र के व्यासपुर स्थित साहूपुरी के नाम से चल रहे देसी शराब के ठेके को बंद कराने के लिए आक्रोशित दर्जनों महिलाओं ने लामबद्ध होकर खूब हंगामा काटा। मौके पर पहुंचे स्थानीय चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने किसी तरह समझा कर महिलाओं को शांत कराया।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि उक्त शराब ठेका खुल जाने के कारण व्यासपुर के जवान बुजुर्ग और बच्चे सभी शराब पीने के आदी हो चुके हैं। यही नहीं दूसरे गांव के भी लोग इकट्ठा होकर शराब पीते हैं और आने जाने वाले महिलाओं के साथ बदसलूकी करते हैं जबकि गांव के पुरुष शराब के नशे में महिलाओं के साथ घर आने पर मारपीट करते रहते हैं गांव की स्थिति बड़ी दयनीय हो गई है यही नहीं शराब के नशे में कुछ लोग जमीन जायदाद सभी बेचकर बच्चों का भविष्य तक खराब कर दिए हैं यहां तक की शराब के नशे में इस रोड पर कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है क्योंकि शराब का सेवन करने के बाद वाहन को तेज रफ्तार में चला कर जाना और इस रोड पर कोई ब्रेकर नहीं है और तेज रफ्तार की वजह से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। महिलाओ ने साफ शब्दों मे कहां कि शराब ठेका नहीं हटाया गया तो हम गांव की सभी महिलाएं लामबद्ध होकर सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे जो सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

### खड़े ट्रक में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

**गाजीपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 297 किमी पर डोड़सर गांव के पास खड़े गेंहू लदे ट्रक में खाली ट्रक के पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें टक्कर मारने वाले खाली ट्रक का आगे का हिस्सा एवं गेंहू लदे ट्रक का पीछे का हिस्सा छतिग्रस्त हो गया। सड़क पर काफी मात्रा में गेहूं बिखर गया। ट्रक के चालक सोनू (23) निवासी हसन बाजार थाना-पिरो जिला भोजपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे किसी तरह ट्रक से बाहर निकाला गया। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सुरक्षा कर्मियों एवं मरदह पुलिस द्वारा घायल चालक को सीएचसी मरदह भिजवाया। सुल्तानपुर से गेहूं लोड कर बिहार जा रही ट्रक का चालक एक्सप्रेस-वे पर एक किनारे ट्रक खड़ी कर पास में गया था। उसी दौरान गाजीपुर से बालू गिराकर बक्सर जा रहे खाली ट्रक ने ट्रक में टक्कर मार दी।

# कांग्रेस, सपा और राजद ने मुसलमानों को छलने का काम किया: शमीम खान

**केटी न्यूज/बलिया**

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमिन पार्टी की बैठक पार्टी के कैंप कार्यालय बहेरी में मंगलवार को आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान व संगठन की समीक्षा की गई। बलिया जनपद में आगामी दिसंबर तक 50 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी के बढ़ते जनाधार को देखकर एमवाई समीकरण पर चुनाव जीतने वालों को रात को नींद नहीं आ रही है। बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब ने देश के मुसलमानों को जगाने का काम किया है। देश का मुसलमान आज अपने हक और अधिकार की बात करने लगा है। कांग्रेस, समाजवादी और राजद जैसे दल जिन्होंने लंबे समय तक मुसलमान को ठगने का काम किया। जातीय जनगणना के बाद बिहार का मुसलमान अब इन पार्टियों से अपना हिसाब मांग रहा है तो इनके नेताओं का दिमागी संतुलन खराब हो गया है और विधानसभा में उलजूलल बयान दे रहे हैं। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, रामकुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम, संपत लाल इत्यादि लोग मौजूद रहे।




## चंदौली जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई देश के प्रथम प्रधानमंत्री की जयंती

# बोले वक्ता... देश में मजबूत लोकतंत्र की स्थापना पं.नेहरू की देन

**केटी न्यूज/चंदौली**

आधुनिक भारत की मजबूत बुनियाद रखने वाले राष्ट्रनिमार्ता पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मंगलवार को मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। इस दौरान कांग्रेसजनों ने उनके तैलचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही उनको याद करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृत्यों पर प्रकाश डाला। वहीं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश की आजादी दिलाने से लेकर मजबूत लोकतंत्र स्थापित किया। उन्होंने आजादी के बाद भूखे, नंगे देश को भविष्य में दूर तक देख सकने वाली पंचवर्षीय योजना लागू किया। आईआईटी, एम्स, भाखड़ा नांगल बांध, सैकड़ों शैक्षणिक संस्थाएं, इसरो वैज्ञानिक, अनुसंधान, औद्योगिक संस्थाओं व परियोजनाओं के स्वप्नद्दष्टा के जनक, उन्नत कृषि और बड़े उद्योग कार्यक्रमों के माध्यम से भूख, बेकारी और बीमारी पर विजय प्राप्त कर आधुनिक भारत की मजबूत बुनियाद रखा। उन्होंने राष्ट्रनिमार्ता, दुनिया के नक़्शे पर भारत की विदेश नीति को स्थापित कर नवस्वतंत्र राष्ट्रों के सर्वमान्य नेता थे। पंडित नेहरू ने लोकतांत्रिक आदर्शों, विचारों और प्रयासों ने स्वतंत्रता, बराबरी, न्याय और प्रगति की राह बनायी। उनके दिखाये रास्ते पर चलकर भारत और मजबूत हुआ है। इस मौके पर मधुराय, डॉ. राम अधार जोसफ, शशिनाथ उपाध्याय, गंगा प्रसाद, प्रदीप मिश्रा, राममूरत गुप्ता, पाठक, सत्येंद्र उपाध्याय, इंद्रजीत मिश्रा, संजय मिश्रा, मिठाई राम सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने लगाया एक से बढ़कर एक स्टॉल

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर क्षेत्र के मां शारदा चिल्ड्रेन पब्लिक इंटर कॉलेज में बाल दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि डायट प्रवक्ता हरिओम यादव ने पंडित जवाहरलाल नेहरु को श्रद्धांजलि दी। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक खाने -पीने सहित खेलकूद के लगाए गए स्टाल का मुख्य अतिथि ने निरीक्षण किया। हरिओम यादव और प्रबंधक बृजेश कुशवाहा ने भी निरीक्षण किया। इस मौके पर हरिओम यादव ने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिन पर हर साल बाल दिवस का आयोजन होता है।

